वली तैयार करने का कार्य सौंपा गया है, सभी प्रादेशिक भाषाओं में अधिकतम सम्भव सादृश्यता प्राप्त करने के लिये देश के विभिन्न भागों के विशेषज्ञों के सहयोग से शब्दावली को अन्तिम रूप दे दिया है । आयोग द्वारा अब तक तैयार किया गया शब्द-संग्रह राज्य सरकारों को अपनी-अपनी भाषाओं की रचनात्मकता के अनुसार अपनाने/अनुकूलन के लिये भेज दिया गया है ।

SECRET MEETING OF MARXISTS IN CALCUTTA

2389. SHRI C. K. BHATTACHARYYA : Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state :

(a) whether it is a fact that on the 18th November, 1967 the police arrested some Communist leaders and workers while they were engaged in a secret meeting at 106, Ultadanga Main Road, Calcutta; and

(b) whether it has been found from the papers seized in this connection that they were planning sabotage and conducting guerilla war ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI VIDYA CHARAN SHUKLA) : (a) and (b) No. Sir.

केन्द्रीय सतर्कता आयुक्त

2390. श्री हुकम चन्द कछवाय : क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) केन्द्रीय सतर्कता आयुक्त ने दिसम्बर, 1967 और जनवरी, 1968 में कितने मामलों में जांच पड़ताल की थी;

(ख) उपरोक्त अवधि में कितने व्यक्तियों पर अभियोग चलाया गया तथा कितने व्यक्तियों को दण्ड दिया गया; और

(ग) उनमें ऐसे राजपत्रित अधिकारियों की संख्या कितनी है जिनके विरुद्ध जांच-पड़ताल की गई है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्याचरण शुक्ल) : (क) और (ग). दिसम्बर, 1967 और जनवरी, 1968 के दौरान आयोग ने 19 शिकायतों की जांच करने के लिये कहा जिनका सम्बन्ध अन्य बातों के साथ साथ 7 राजपत्रित अधिकारियों से था ।

(ख) इन दो महीनों के दौरान आयोग ने एक राजपत्रित अधिकारी पर अभियोग चलाने की सिफारिश की थी ।

राजकीय गोपनीय जानकारी अधिनियम के अन्तर्गत गिरफ्तारियां

2391. श्री हुकम चन्द कछवाय : क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) जनवरी, 1962 से अब तक राजकीय गोपनीय जानकारी अधिनियम के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, काश्मीर, दिल्ली, पंजाब, और हिमाचल प्रदेश में कितने सरकारी कर्मचारी गिरफ्तार किये गये हैं;

(ख) इन में से पृथक-पृथक राजपत्रित तथा अराजपत्रित कर्मचारी कितने हैं; और

(ग) कितने व्यक्तियों के विरुद्ध अभियोग चलाया गया, कितने व्यक्तियों के विरुद्ध न्यायालय में आरोप सिद्ध हुए तथा कितने मामले न्यायालयों में अनिर्णीत पड़े हैं ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्या चरण शुक्ल) : (क) से (ग). सूचना एकत्रित की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जायगी ।

उड़ीसा जांच आयोग

2393. श्री मधु लिमये : क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि उड़ीसा सरकार ने भूतपूर्व मंत्रियों के विरुद्ध आरोपों की जांच करने के लिए एक आयोग नियुक्त किया है;